# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

## सूचना

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों के पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमाँक–01/2021, दिनाँक–03/07/2021 के माध्यम से आवेदन–पत्र मंगाये गये थे।

आठवीं योग्यताधारी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक के आधार पर छंटाई उपरान्त 100 पदों के अनुरूप 572 अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा ली जानी है। कौशल–परीक्षा दिनाँक–22/01/2023, 23/01/2023 एवं 24/01/2023 को ली जायेगी।

अनुक्रमाँक–001 से 240 तक के अभ्यर्थियों का कौशल–परीक्षा दिनाँक–22/01/2023 को, अनुक्रमाँक–241 से 420 तक के अभ्यर्थियों का कौशल–परीक्षा दिनाँक–23/01/2023 को तथा अनुक्रमाँक–421 से 572 तक के अभ्यर्थियों का कौशल–परीक्षा दिनाँक–24/01/2023 को ली जायेगी। अभ्यर्थियों की सूची माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट **https://highcourt.cg.gov.in** पर उपलब्ध करा दी गई है।

कौशल–परीक्षा हेतु अभ्यर्थी मूल दस्तावेज, नवीनतम पासपोर्ट साईज़ फोटोग्राफ, पहचान–पत्र (आधार–कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या ड्राईविंग लायसेंस) की मूल प्रति, आरक्षण से संबंधित अपना मूल दस्तावेज (जाति एवं निवास प्रमाण–पत्र तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र) लेकर माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के गेट क्रमाँक–3 से प्रवेश कर भारतीय स्टेट बैंक (SBI) गेट के पास प्रातः 10:00 बजे निर्धारित तिथि को अनुक्रमांक अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(अरविंद कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
17.01.2023